Set 2013-14

प्रश्न पत्र – द्वितीय / QUESTION PAPER – II

अनुक्रमांक / Roll No. (अंकों में / In figures) :

(शब्दों में / In Words) ..............................

विषय / Subject : **Economics**

2060281

कोड / Code : **206**

Economics

206 **A**

विषय कोड बुकलेट सीरीज

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : 16

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : 50

समय / Time : $1\frac{1}{4}$ घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 100

### INSTRUCTIONS

1. **Answer all questions.**
2. **All questions carry equal marks.**
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as 1, 2, 3, 4. You have to darken the correct answer.
6. There will be no negative marking for wrong answer.
7. The candidate should ensure that Roll Number, Subject Code and Series Code on the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the envelopes. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper of the same series. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. The candidate will be allowed to carry the carbon print-out of OMR Response Sheet with them on conclusion of the examination.
10. **If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.**

*Warning :* If a candidate is found copying or if any unauthorised material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under Section 3 of the R.P.E. (Prevention of Unfairmeans) Act, 1992. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations of the Commission.

### निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी सही उत्तर वाले गोलें को काला करें ।
6. गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन नहीं किया जाएगा ।
7. प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के लिफाफे की सील खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके अनुक्रमांक प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक पर समान रूप से विषय कोड एवं प्रश्न पुस्तिका की सीरीज अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से प्रश्न–पत्र की ही सीरीज वाला दूसरा प्रश्न–पत्र का लिफाफा प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।
8. मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. अभ्यर्थी अपने साथ उत्तर पत्रक की संलग्न कार्बन प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।**

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और आर. पी. ई. (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के नियम 3 के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

1 If demand curve is a "rectangular hyperbola", price elasticity of demand is :

(1) Perfectly elastic (2) Perfectly inelastic

(3) Relatively elastic (4) Equal to one

यदि माँग वक्र "आयताकार हाइपरबोला" हो तो माँग की कीमत लोच होगी :

(1) पूर्णतया लोचदार (2) पूर्णतया बेलोचदार

(3) तुलनात्मक लोचदार (4) इकाई के बराबर

2 Which one of the following is not a major macroeconomic objective of the government ?

(1) Sustained economic growth

(2) Low and stable inflation

(3) A high level of employment

(4) A fall in the price of crude oil

निम्नांकित में से कौन सा एक सरकार का वृहत आर्थिक उद्देश्य नहीं है ?

(1) सतत आर्थिक संवृद्धि

(2) निम्न एवं स्थिर मुद्रा स्फिति

(3) रोजगार का उच्च स्तर

(4) कच्चे तेल की कीमतों में कमी

3 Given money supply ($M_s$) = Rs. 200, transaction demand for money ($M_t$) = 0.25 Y and speculative demand for money ($M_a$) = 50 - 200i, the LM equation will be :

(1) Y = Rs. 600 + 800i

(2) Y = Rs. 200 – 200i

(3) Y = Rs. 250 – 200i

(4) Y = Rs. 750 + 200i

यदि मुद्रा की पूर्ति ($M_s$) = Rs. 200, मुद्रा की सौदा माँग ($M_t$) = 0.25 Y और मुद्रा की सट्टा माँग ($M_a$) = 50 - 200i हो तो LM समीकरण होगा :

(1) Y = Rs. 600 + 800i

(2) Y = Rs. 200 – 200i

(3) Y = Rs. 250 – 200i

(4) Y = Rs. 750 + 200i

4 The AR curve and industry demand curve are same in the case of :

(1) Monopoly (2) Oligopoly

(3) Perfect competition (4) Duopoly

किस अवस्था में, AR वक्र एवं उद्योग माँग वक्र समान होतें हैं :

(1) एकाधिकार (2) अल्पाधिकार

(3) पूर्ण प्रतिस्पर्धा (4) द्वयाधिकार

5 Opportunity cost or alternative cost is :

(1) Increased cost resulting from the purchase of some other input in place of existing input

(2) Cost to be paid to retain a factor in its present use

(3) Amount a factor can earn in its next best use

(4) Total earnings of factors in their present use

अवसर लागत या वैकल्पिक लागत होती है :

(1) मौजूदा आगत के स्थान पर किसी अन्य आगत की खरीद से होने वाली लागत वृद्धि

(2) किसी साधन को वर्तमान प्रयोग में बनाये रखने की लागत

(3) वह मात्रा जो एक साधन किसी वैकल्पिक सर्वोत्तम प्रयोग में कमा सके

(4) साधनों की वर्तमान प्रयोग में कुल आय

6 VMP is defined as :

(1) MPP × MR (2) MPP × P

(3) W × P (4) MPP × W

VMP परिभाषित किया जाता है :

(1) MPP × MR (2) MPP × P

(3) W × P (4) MPP × W

7 Most of the unemployment in India is :

(1) Technological (2) Cyclical

(3) Frictional (4) Structural

भारत में अधिकांश बेरोजगारी है :

(1) तकनीकी (2) चक्रीय

(3) घर्षणात्मक (4) संरचनात्मक

8 Which is the most liquid measure of money supply ?

(1) $M_2$ (2) $M_1$

(3) $M_4$ (4) $M_3$

मुद्रा पूर्ति का सबसे तरल माप कौन सा है ?

(1) $M_2$ (2) $M_1$

(3) $M_4$ (4) $M_3$

9 National income in India is estimated by :

(1) Planning commission

(2) Finance commission

(3) Indian Statistical Institute

(4) Central Statistical organisation

भारत में राष्ट्रीय आय के अनुमान किसके द्वारा दिये जाते हैं ?

(1) योजना आयोग

(2) वित्त आयोग

(3) भारतीय सांख्यिकी संस्थान

(4) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन

10 Cross elasticity of demand between tea and sugar is :

(1) Positive (2) Negative

(3) Zero (4) Infinity

चाय और चीनी के बीच माँग की आड़ी लोच होती है :

(1) धनात्मक (2) ऋणात्मक

(3) शून्य (4) अनन्त

11 What is the relationship between price of bonds and rate of interest ?

(1) Positive (2) Negative

(3) Ambiguous (4) Neutral

बॉण्ड की कीमत और ब्याज की दर के बीच क्या सम्बन्ध है ?

(1) धनात्मक (2) ऋणात्मक

(3) अस्पष्ट (4) तटस्थ

12 Investment spending includes :

(1) Expenditure on new residential housing

(2) Expenditure on new inventories

(3) Expenditure on productive physical capital

(4) All of the above

विनियोग व्यय में सम्मिलित होता है :

(1) नये आवास गृहों पर व्यय

(2) नई इन्वेटरी पर व्यय

(3) उत्पादक भौतिक पूँजी पर व्यय

(4) उपरोक्त सभी

13 An empirical relation between standard deviation, mean deviation about mean and quartile deviation is :

(1) 4 SD = 6 MD = 5 QD

(2) 4 SD = 5 MD = 6 QD

(3) 6 SD = 5 MD = 4 QD

(4) 5 SD = 4 MD = 6 QD

प्रमाप विचलन, माध्य से लिए गए माध्य विचलन एवं चतुर्थक विचलन के मध्य प्रयोगाश्रित सम्बन्ध है :

(1) 4 SD = 6 MD = 5 QD

(2) 4 SD = 5 MD = 6 QD

(3) 6 SD = 5 MD = 4 QD

(4) 5 SD = 4 MD = 6 QD

14 Which of the following measure is used for calculation of average rate of growth ?

(1) Geometric mean (2) Arithmetic mean

(3) Harmonic mean (4) Mode

निम्नलिखित में से कौन सा माप संवृद्धि की औसत दर की गणना हेतु प्रयुक्त होता है ?

(1) ज्यामितीय माध्य (2) समान्तर माध्य

(3) हरात्मक माध्य (4) बहुलक

15 For a binomial distribution, mean and mode :

(1) do not always exist

(2) are never equal

(3) are always equal

(4) are equal when $q = 0.50$

एक द्विपद बंटन में माध्य और बहुलक :

(1) हंमेशा अस्तित्व में नहीं होते

(2) कभी बराबर नहीं होते

(3) हंमेशा बराबर होते हैं

(4) बराबर होते हैं यदि $q = 0.50$ हो

16 In international trade, 'protectionism' means :

(1) Restrictive trade policy

(2) Free trade policy

(3) Semi-restrictive trade policy

(4) All of above

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में संरक्षणवाद का अर्थ है :

(1) प्रतिबन्धित व्यापार नीति

(2) मुक्त व्यापार नीति

(3) अर्द्ध-प्रतिबन्धित व्यापार नीति

(4) उपर्युक्त सभी

17 Hirschman and Singer support the idea of :

(1) Balanced growth (2) Unbalanced growth

(3) Agricultural development (4) Industrial development

हर्षमैन एवं सिंगर किस विचार का समर्थन करते हैं ?

(1) सन्तुलित विकास (2) असन्तुलित विकास

(3) कृषि विकास (4) औद्योगिक विकास

18 The theory of incidence of tax is given by :

(1) Carnard (2) Pigou

(3) Masefield (4) Dalton

कर भार के सिद्धान्त. को दिया है :

(1) कर्नार्ड (2) पीगू

(3) मेस्फील्ड (4) डाल्टन

19 Principle of maximum social advantage is concerned with :

(1) Taxation only

(2) Public debt only

(3) Expenditure only

(4) Both taxation and public expenditure

अधिकतम सामाजिक लाभ का सिद्धान्त सम्बन्धित है :

(1) केवल करारोपण से

(2) केवल सार्वजनिक ऋण से

(3) केवल व्यय से

(4) करारोपण एवं सार्वजनिक व्यय दोनों से

20 The relationship between tax collections and tax rates has been expressed by :

(1) Laffer curve (2) Lorenz curve

(3) Indifference curve (4) Engel's curve

कर संग्रहण एवं कर दरों के मध्य सम्बन्ध को दर्शाता है :

(1) लॉफर वक्र (2) लारेन्ज़ वक्र

(3) उदासीनता वक्र (4) एन्जिल वक्र

21 The Agricultural holding tax was recommended by a committee headed by :

(1) M. L. Dantwala (2) K. N. Raj

(3) C. H. Hanumantha Rao (4) R. J. Chelliah

कृषि जोत कर की सिफारिश करने वाली कमेटी के अध्यक्ष थे :

(1) एम. एल. दाँतवाला (2) के. एन. राज

(3) सी. एच. हनुमन्ता राव (4) आर. जे. चैलेया

22 Currently, the Human Development Index (HDI) is being measured in the :

(1) Freedom Perspective (2) Idealistic Perspective

(3) Attainment Perspective (4) Deprivational Perspective

वर्तमान में, मानव विकास सूचकांक (HDI) का माप किया जा रहा है :

(1) स्वतंत्रतावादी परिप्रेक्ष्य में (2) आदर्शवादी परिप्रेक्ष्य में

(3) अधि प्राप्ती परिप्रेक्ष्य में (4) वंचनकारी परिप्रेक्ष्य में

23 Which of the following deficits is the true indicator of the current fiscal position ?

(1) Current Account deficit (2) Capital deficit

(3) Revenue deficit (4) Primary deficit

निम्नांकित में से कौन सा घाटा वर्तमान राजकोषीय स्थिति का वास्तविक संकेतक है ?

(1) चालू खाते का घाटा (2) पूँजी खाते का घाटा

(3) राजस्व खाते का घाटा (4) प्राथमिक घाटा

24 Rural Infrastructure Development Fund (RIDF) is associated with :

(1) NABARD (2) IDBI

(3) RBI (4) ICICI

ग्रामीण आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) विकास फण्ड (RIDF) का सम्बन्ध है :

(1) नाबार्ड (NABARD) से (2) IDBI से

(3) RBI से (4) ICICI से

25 Basel III is related to :

(1) Non performing assets (NPAs) of Banks
(2) Bank deposits
(3) Bank credit
(4) Capital adequacy of banks

बासेल III का सम्बन्ध है :

(1) बैंक की गैर निष्पादित आस्तियों से
(2) बैंक की जमाओं से
(3) बैंक साख से
(4) बैंकों की पूँजी पर्याप्तता से

26 Union excise duties are a part of central government's :

(1) Non-tax revenue (2) Tax revenue
(3) Capital receipts (4) None of the above

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क भाग है, केन्द्रीय सरकारी की :

(1) गैर कर आय का (2) कर आय का
(3) पूँजी प्राप्तियों का (4) इनमें से कोई नहीं

27 Which of the following is not a component of Bharat Nirman ?

(1) Rural Housing (2) Rural Electrification
(3) Agro based industries (4) Rural Telephony

निम्न में से कौन सा भारत निर्माण का घटक नहीं है ?

(1) ग्रामीण आवास (2) ग्रामीण विद्युतीकरण
(3) कृषि आधारित उद्योग (4) ग्रामीण टेलिफोन सेवा

28 If the outcome is an odd number when a dice is rolled, then the probability that it is a prime number is equal to :

(1) 1/3 (2) 2/3
(3) 1/6 (4) 5/6

यदि किसी पासे को फेंके जाने पर विषम संख्या आती है तो क्या प्रायिकता है कि यह एक अभाज्य संख्या होगी :

(1) 1/3 (2) 2/3
(3) 1/6 (4) 5/6

**29** The standard deviation of the binomial distribution is :

(1) np (2) $\sqrt{np}$

(3) npq (4) $\sqrt{npq}$

द्विपद वंटन का प्रमाप विचलन होता है :

(1) np (2) $\sqrt{np}$

(3) npq (4) $\sqrt{npq}$

**30** If a moderately skewed distribution has mean 40 and median equal to 30, the mode of the distribution is equal to :

(1) 10 (2) 35

(3) 20 (4) 50

एक सामान्य विषमता वाले वंटन का माध्य 40 और मध्यका 30 हो तो वंटन में बहुलक होगा :

(1) 10 (2) 35

(3) 20 (4) 50

**31** Calculate the value of expenditure multiplier if consumption and investment are positively related to income and the marginal propensity to consume is 0.80 and marginal propensity to invest is 0.10 :

(1) 5 (2) 10

(3) 8 (4) 9

यदि उपभोग एवं विनियोग आय से धनात्मक रूप से सम्बन्धित है और उपभोग की सीमान्त प्रवृत्ति 0.80 और विनियोग की सीमान्त प्रवृत्ति 0.10 हो तो व्यय गुणक का मान होगा :

(1) 5 (2) 10

(3) 8 (4) 9

**32** In Hekscher-Ohlin theory, the most important cause of the difference in relative commodity prices and trade between nations is a difference in :

(1) Factor endowments

(2) Technology

(3) Tastes and needs of people

(4) All of above

हैक्सचर-ओहलिन प्रमेय के अनुसार, दो देशों के मध्य वस्तुओं की सापेक्ष कीमतों एवं व्यापार का एक सबसे प्रमुख कारण निम्नांकित में से किसके अन्तर का है :

(1) साधनों की उपलब्धता

(2) प्रौद्योगिकी

(3) लोगों की रूचि एवं आवश्यकताएँ

(4) उपरोक्त सभी

33 Which one of the following is not associated with CES production function ?

(1) B. S. Minhas (2) Arrow

(3) Solow (4) Chenery

निम्नांकित में से कौन एक CES उत्पादन फलन से सम्बन्धित नहीं है ?

(1) बी. एस. मिन्हास (2) ऐरो

(3) सोलो (4) चैनेरी

34 When did India became a member of World Trade Organisation (WTO) ?

(1) 1994 (2) 1995

(3) 1996 (4) 1998

भारत, विश्व व्यापार संगठन (WTO) का सदस्य कब बना ?

(1) 1994 (2) 1995

(3) 1996 (4) 1998

35 Which of the following was not recommended by the Bretton Woods Conference ?

(1) International Monetary Fund (IMF)

(2) IBRD

(3) International Labour Organisation

(4) International Trade Organisation

निम्नांकित में से किसकी सिफारिश ब्रेटन वुड कान्फ्रेंस द्वारा नहीं की गई थी ?

(1) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

(2) IBRD

(3) अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार संगठन

36 Which of the following is not related to money market ?

(1) Certificate of deposits (2) Commercial paper

(3) Treasury Bills (4) Shares

निम्नांकित में से किसका सम्बन्ध मुद्रा बाजार से नहीं है ?

(1) जमा प्रमाण पत्र (2) वाणिज्यिक विपत्र

(3) राजकोषीय बिल (4) शेयर

**37** Which of the following is called variance ratio distribution ?

(1) S distribution (2) Z distribution

(3) F distribution (4) t distribution

निम्नांकित में से किसे प्रसरण अनुपात वंटन कहा जाता है ?

(1) S वंटन (2) Z वंटन

(3) F वंटन (4) t वंटन

**38** If a nation's terms of trade is 2, its trade partner's terms of trade is :

(1) 4 (2) 2

(3) 1 (4) 1/2

यदि एक देश की व्यापार की शर्ते 2 हो, तो उसके व्यापारिक साझेदार की व्यापार की शर्ते होंगी :

(1) 4 (2) 2

(3) 1 (4) 1/2

**39** A curve showing the effects of the devaluation of a currency with a fixed exchange rate on the balance of payments is :

(1) V curve (2) J curve

(3) L curve (4) Backward bending curve

स्थिर विनिमय दर की अवस्था में, किसी मुद्रा के अवमूल्यन का उसके भुगतान सन्तुलन पर प्रभाव दर्शाने वाला वक्र होता है :

(1) V वक्र (2) J वक्र

(3) L वक्र (4) पीछे की ओर मुड़ता वक्र

**40** Who is benefitted by inflation ?

(1) Saver (2) Creditor

(3) Debtor (4) Pensioner

मुद्रास्फिति का लाभ किसे प्राप्त होता है ?

(1) बचतकर्ता को (2) ऋणदाता को

(3) ऋणी को (4) पेन्शनर को

41 'Balanced growth' is the expression used to describe the situation when :

(1) Agricultural sector and industrial sector grow at a similar rate.

(2) Agricultural sector and industrial sector grow simultaneously.

(3) All the sectors of the economy grow at a similar rate

(4) All the sectors of the economy grow simultaneously.

'सन्तुलित विकास' उस अवस्था की व्याख्या के लिए प्रयोग किया जाता है जिसमें :

(1) कृषि क्षेत्र एवं औद्योगिक क्षेत्र समान दर से विकास करते हैं।

(2) कृषि क्षेत्र एवं औद्योगिक क्षेत्र एक साथ विकास करते हैं।

(3) अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र एक समान दर से विकास करते हैं।

(4) अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र एक साथ विकास करते हैं।

42 For a normal distribution if mean $(\mu) = 30$, then its mode value is :

(1) 15 (2) 30

(3) 60 (4) 90

एक सामान्य वंटन के लिए यदि माध्य $(\mu) = 30$ हो, तो बहुलक का मान होगा :

(1) 15 (2) 30

(3) 60 (4) 90

43 Capital output ratio measures :

(1) The amount of capital employed per unit of output

(2) The ratio of capital depreciation to quantity of output

(3) The ratio of fixed capital employed to quantity of output

(4) The amount of working capital employed per unit of output

पूँजी उत्पाद अनुपात मापता है :

(1) प्रति इकाई उत्पादन में प्रयुक्त पूँजी की मात्रा

(2) पूँजी मूल्य ह्रास का उत्पादन की मात्रा से अनुपात

(3) प्रयुक्त स्थिर पूँजी का उत्पादन की मात्रा से अनुपात

(4) प्रति इकाई उत्पादन में प्रयुक्त चल पूँजी

44 The complete burden of a tax will be borne by the seller, if :

(1) The elasticity of demand for a commodity is same as the elasticity of supply of the commodity.

(2) The demand for a commodity is perfectly elastic and supply is inelastic.

(3) The demand for a commodity is inelastic and supply is perfectly elastic.

(4) The elasticity of demand for a commodity is less than the elasticity of supply of that commodity.

एक कर का समूचा भार विक्रेता वहन करेगा, यदि :

(1) एक वस्तु की माँग की लोच उसकी पूर्ति के लोच के बराबर है।

(2) एक वस्तु की माँग पूर्णतया लोचदार है एवं पूर्ति बेलोचदार है।

(3) एक वस्तु की माँग बेलोचदार है एवं पूर्ति पूर्णतया लोचदार है।

(4) एक वस्तु की माँग की लोच उसकी पूर्ति की लोच से कम है।

45 'Open Market Operations' refers to :

(1) Borrowing by scheduled banks from RBI

(2) Lending by commercial banks to industry and trade

(3) Purchase and sale of government securities by RBI

(4) Deposit mobilization

'खुले बाजार की क्रियाएँ' इंगित करती हैं :

(1) अनुसूचित बैंकों द्वारा RBI से उधार लेना

(2) व्यावसायिक बैंकों द्वारा उद्योग एवं व्यापार को उधार देना

(3) RBI द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद एवं बिक्री

(4) जमा एकत्रीकरण

46 The headquarters of SIDBI is located in :

(1) Lucknow (2) New Delhi

(3) Mumbai (4) Bangaluru

SIDBI का मुख्यालय स्थित है :

(1) लखनऊ में (2) नई दिल्ली में

(3) मुम्बई में (4) बेंगलुरु में

47 Which rural schemes were merged with Swarna Jayanti Gram Swarojgar Yojana?

(1) TRYSEM and MNP (2) DPAP and IRDP

(3) NREP and RLEGP (4) IRDP and TRYSEM

किन ग्रामीण योजनाओं का स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना में विलय किया गया ?

(1) TRYSEM और MNP (2) DPAP और IRDP

(3) NREP और RLEGP (4) IRDP और TRYSEM

48 Which one of the following is not a transfer payment ?

(1) Social security contribution

(2) Pension to retired persons

(3) Interest paid on National debt

(4) Scholarship given to students

निम्नांकित में से कौन सा एक हस्तांतरण भुगतान नहीं है ?

(1) सामाजिक सुरक्षा अंशदान

(2) सेवानिवृत लोगों को पेंशन

(3) राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज

(4) छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति

49 When the income elasticity of demand for a good is negative, the good is :

(1) Normal good (2) Inferior good

(3) Luxury good (4) None of the above

किसी वस्तु की माँग की आय लोच यदि ऋणात्मक हो तो वस्तु होगी :

(1) सामान्य वस्तु (2) घटिया वस्तु

(3) विलासिता वस्तु (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

50 Which of the following economists is not associated with Customs Union ?

(1) Paul Samuelson (2) Jacob Viner

(3) Haberler (4) Bela Balassa

निम्नांकित में से कौन सा अर्थशास्त्री तटकर संघ के विचार से नहीं जुड़ा है ?

(1) पॉल सैमुल्सन (2) जेकब वाइनर

(3) हैबरलर (4) बेला बलासा

SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिये जगह